देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 200 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
बेतुके आरोप



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 15 नवंबर 2024



मौसम अधिकतम 25.0° न्यूनतम 17.0°

79924.77

2 ट्रंप कैबिनेट में एक और हिंदू नेता

7 सेंचुरियन में अर्शदीप सिंह ने रचा इतिहास

# जौलजीबी मेला राज्य के लिए एक अनमोल धरोहर

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलजीबी मेला–2024 का किया शुभारंभ

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जौलजीबी मेला–2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 64.47 करोड़ की 18 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 29.65 करोड़ के 13 लोकार्पण एवं 34.72 करोड़ के 05 शिलान्यास शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये जा रहे विभिन्न उत्पादों का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलजीबी मेला राज्य के लिए एक अनमोल धरोहर है, जो सदियों से भारत–तिब्बत, भारत नेपाल और सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी सौहार्द बढ़ाता है। यह मेला हमारी समृद्ध परंपराओं को संजोने का कार्य करता है। यहां का नेपाल और तिब्बत से सदियों से सांस्कृतिक संबंध रहा है। नेपाल से इस क्षेत्र का रोटी और बेटी का संबंध है।



### भारत और नेपाल के बीच आर्थिक सबंधों को बढ़ाता है यह मेलाः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला भारत और नेपाल के बीच आर्थिक सबंधों को बढ़ाने का कार्य भी करता है। यह मेला छोटे व्यापारियों, किसानों और कारीगरों को अपने उत्पादों का मंच प्रदान करने का बड़ा माध्यम है। हमारी अनेक प्रकार की औषधियों को प्रोत्साहित करने में भी यह मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। जिन गांवों को पहले अंतिम गांव कहा जाता था, इस अवधारणा को बदलकर प्रधानमंत्री ने इन गांवों को देश के पहले गांवों की संज्ञा दी है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारे संबंध और मजबूत हो रहे हैं। केदारनाथ और पशुपतिनाथ के बीच आध्यात्मिक यात्रा से भी दोनों राष्ट्रों के संबंधों को मजबूती मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के आदि कैलाश आने के बाद इस क्षेत्र में तेजी से आवागमन बढ़ा है। पिछले साल की तुलना में इस बार 10 हजार से अधिक लोगों ने आदि कैलाश के दर्शन किये हैं। इससे हमारे इन क्षेत्रों को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। किसानों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा मंडवा, झिंगोरा और अन्य स्थानीनीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्टेट मिलेट मिशन को मंजूरी दी गई है। परंपरागत खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य में कलस्टर आधारित 18 हजार पॉली हॉउस बनाने का निर्णय लिया गया है। सड़क कनेक्टिविटी में विस्तार से किसानों को अपनी उपज को मंडी तक पहुंचाने में आसानी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आधुनिक सड़कों, सुरंगों और पुलों का निर्माण किया जा रहा है। सीमांत क्षेत्रों के विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में हैं।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक बिशन सिंह चुफाल, हरीश धामी, डीएम पिथौरागढ़, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव उपस्थित थे।

### विकास के लिये अनेक कार्य योजनाओं को दी गई मंजूरी

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि मक्काना से सेकला तक मोटर मार्ग का निर्माण किया जायेगा। आपदा प्रभावित क्षेत्र लुमती तोक बगीचा बगड़ में सुरक्षा दीवार का कार्य किया जाएगा। मवानी रवानी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण किया जायेगा। तेजम में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। तीनखोल ढुंगातोली और पण्डा में चेक डैम निर्माण किया जायेगा। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत पहले चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को विकसित किया जा रहा है। इन क्षेत्रों के विकास के लिये अनेक कार्य योजनाओं की मंजूरी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेट स्पीच और गलत बयानों के बीच अंतर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें सार्वजनिक मंच से नेताओं द्वारा दिए गए भड़काऊ भाषणों के खिलाफ तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई थी। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि ये बयान राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा को खतरे में डालते हैं और विभाजनकारी विचारधाराओं को बढ़ावा देते हैं।

### एमसीडी में कांग्रेस को झटका, पार्षद सबीला बेगम ने दिया पार्टी से इस्तीफा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में मेयर का चुनाव जारी है। इसी बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, कांग्रेस पार्षद सबीला बेगम ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वह इस चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देंगी। सबीला बेगम ने इस्तीफा पत्र में लिखा है कि मेयर चुनाव से दूर रहकर हम भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते।

# प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन के आगे झुका आयोग

## एक दिन में कराई जाएगी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

प्रयागराज। यूपीपीसीएस परीक्षा को लेकर चल रहे आंदोलन ने रंग दिखाया है। पीसीएस परीक्षा को लेकर छात्रों की मांग मान ली है। पीसीएस की परीक्षा अब पहले की तरह एक दिन एक शिफ्ट में कराई जाएगी। दो दिन परीक्षा का आदेश वापस हो गया है। जिलाधिकारी और आयोग के सचिव ने छात्रों के बीच आकर लाउडस्पीकर से यह घोषणा की।

डीएम ने बताया कि सीएम योगी के आदेश पर आयोग ने यह फैसला लिया है। कुछ देर बाद इसका नोटिस भी जारी कर दिया गया। छात्र एक दिन एक शिफ्ट में कराने की मांग के साथ ही नॉर्मलाइजेशन का विरोध कर रहे थे। अब एक शिफ्ट में होने से नॉर्मलाइजेशन की जरूरत ही नहीं होगी। वहीं,

### पहली बार दो दिन में कराई जा रही थीं परीक्षाएं

आयोग के इतिहास में पीसीएस और आरओ–एआरओ की परीक्षा पहली बार दो दिन में कराने का शेड्यूल जारी किया गया था। इससे पहले पीसीएस और आरओएआरओ परीक्षाएं एक ही दिन में करा ली जाती थीं और परीक्षा के लिए पंजीकृत सभी अभ्यर्थी एक ही शिफ्ट में परीक्षा देते थे। ऐसे में एक समान मूल्यांकन की अलग से कोई जरूरत ही नहीं पड़ती थी। पहली बार परीक्षाएं दो दिन में होंगी, इसके कारण आयोग को नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया अपनानी पड़ी।

आरओ एआरओ की परीक्षा स्थगित करते हुए कहा गया कि इसके लिए समिति बनाई जा रही है। परीक्षा पर समिति फैसला लेगी। यह सुनते ही छात्र भड़क गए और आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। उनका कहना है कि यह मामले को उलझाने का प्रयास है। पीसीएस की तरह आरओ एआरओ भी एक दिन एक शिफ्ट में कराने की लिखित घोषणा की जाए।

प्रयागराज में छात्र चार दिनों से पीसीएस और आरओ एआरओ परीक्षा एक दिन में एक शिफ्ट में कराने और नॉर्मलाइजेशन का विरोध कर रहे थे। गुरुवार को सुबह से ही आयोग के दफ्तर के अंदर और बाहर गहमागहमी कुछ ज्यादा ही थी। सुबह पहले छात्रों ने बैरिकेडिंग तोड़ी और आयोग के गेट तक पहुंच गए।

# संभाजी महाराज के हत्यारे को मसीहा मानते हैं कुछ लोग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुंबई। पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार में विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सहयोगी दल अनुच्छेद 370 की बहाली चाहते हैं और कश्मीर के लिए अलग संविधान की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने तो औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर किया और बालासाहेब ठाकरे की इच्छा पूरी की।

पीएम मोदी ने कहा कि हमने हिंदुत्व की राजनीति से समझौता नहीं किया, जबकि कुछ लोगों ने अपना रास्ता ही बदल लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार के गठन के बाद महाराष्ट्र में सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ। यही नहीं एक और तीखा वार करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग संभाजी महाराज के हत्यारे में अपना मसीहा देखते हैं।

पीएम ने कहा कि एक ओर एमवीए है तो दूसरी ओर महायुति गठबंधन है जो महाराष्ट्र के विकास के लिए काम कर रहा है, राज्य को सड़कों से जोड़ रही है। कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए राजमार्ग बना रही है।

### निशाना

■पीएम मोदी ने फिर चला औरंगजेब कार्ड

### बूंद-बूंद के लिए तरसा देंगे एमवीए वाले

छत्रपति संभाजी नगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने आरोप लगाया कि अगर महा विकास अघाढ़ी गठबंधन महाराष्ट्र में सत्ता हासिल करता है तो राज्य में सूखे और जल संकट का दौर शुरु हो गया है। पीएम ने कहा कि एमवीए वाले आपको बूंद–बूंद पानी के लिए तरसा देंगे, इसलिये मैं माता और बहनों को कहता हूं अघाड़ी वालों को घुसने भी मत देना, वरना आपको पानी के लिये भी तरसाके रखेंगे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मणिपुर को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

■ पांच जिलों में फिर लागू हुआ अफस्पा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। मणिपुर में पिछले कई महीनों से हिंसा का दौर जारी है। इस बीच केंद्र सरकार ने राज्य को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर के पांच जिलों के छह पुलिस स्टेशनों के अंतर्गत आने वाले इलाकों को अशांत क्षेत्र घोषित किया है। केंद्र सरकार ने यहां पर अफस्पा लागू किया है। इन इलाकों में इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, जिरीबाम, कांगपोकपी और बिष्णुपुर शामिल है। मणिपुर के ताजा हालातों का आकलन करने और राज्य में बिगड़ते हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने ये फैसला लिया है।

हिंसाग्रस्त मणिपुर में एक बार फिर से हालात बिगड़ने के कारण केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इन जिलों में अफस्पा लागू करने की अधिसूचना जारी की है।

अब इन इलाकों में सशस्त्र बल अशांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला सकेंगे और संदिग्धों को गिरफ्तार कर सकेंगे। वहीं, एएफएसपीए के लागू हो जाने के बाद सशस्त्र बलों को गोली चलाने के भी व्यापक अधिकार मिल गए हैं।

## न्यूज डायरी



### बांग्लादेश में प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में, 167 पत्रकारों की मान्यता रद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश की एडिटर्स काउंसिल ने अंतरिम सरकार द्वारा 167 पत्रकारों की मान्यता रद करने के निर्णय की निंदा की है और कहा है कि यह कार्रवाई प्रेस की स्वतंत्रता को खतरे में डालती है। इस कदम से सेंसरशिप का खतरा उत्पन्न होता है और लोकतांत्रिक माहौल भी कमजोर होता है। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि प्रेस सूचना विभाग ने तीन चरणों में 167 पत्रकारों का मान्यता पत्र रद कर दिया है। इनमें कई अनुभवी पत्रकार और संपादक भी शामिल हैं। इससे एडिटर्स काउंसिल में चिंता पैदा हो गई है। काउंसिल द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वैसे तो सूचना मंत्रालय को मान्यता के किसी भी दुरुपयोग की जांच करने का अधिकार है। परंतु हमारा मानना है कि स्पष्ट आरोपों या सुबूतों के बिना प्रेस कार्ड रद करना एक खतरनाक मिसाल कायम करता है। यह कार्रवाई प्रेस की स्वतंत्रता को खतरे में डालती है और लोकतांत्रिक माहौल को कमजोर करती है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि वह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और अन्य को भारत से वापस लाने के लिए इंटरपोल की सहायता मांगेगी। हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं पर छात्र आंदोलन के क्रूर दमन का आदेश देने का आरोप लगाया गया है। अंतरिम सरकार के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के दौरान 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए थे। अक्टूबर तक हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं।

### अपने नागरिकों पर हमलों से भड़के चीन को समझाने में जुटा पाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीनी सरकार को भरोसा दिलाया है कि उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। पाक पीएम शरीफ की अरजबैजान की राजधानी बाकू में सीओपी29 जलवायु शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के डिप्टी पीएम डिंग जुएजियांग से मुलाकात की है। शरीफ ने डिंग को आश्वस्त किया कि पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म करने और चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शहबाज शरीफ की चीन के डिप्टी पीएम के साथ ये मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब चीनी सरकार पाकिस्तान में अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भड़की हुई है। हालिया महीनों में पाकिस्तान में लगातार चीनी कर्मचारियों पर अटैक हुए हैं। इससे खफा चीनी सरकार ने पाकिस्तान में अपने नागरिकों की सिक्योरिटी के लिए अपने सुरक्षा बलों को भेजने की भी बात उठाई है। चीन के इस प्रस्ताव से पाकिस्तान में काफी हलचल है और शरीफ सरकार दबाव में है। बाकू में शिखर सम्मेलन से इतर एक बैठक के दौरान शरीफ ने चीनी कर्मचारियों और नागरिकों को सुरक्षित करने के लिए सरकार के प्रयासों के बारे में डिंग जुएजियांग को बताया। पाक पीएम के कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि शरीफ ने आतंकवाद के खतरे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सरकार के कदमों पर चीनी नेता के साथ बातचीत की।

### नियोम प्रोजेक्ट के सीईओ को धमकी देना पड़ा भारी, प्रिंस सलमान ने किया बर्खास्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के विजन 2030 का नियोम प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण हिस्सा है। हाल ही में उनके इस सपने को एक और बड़ा झटका लगा है। सऊदी ने इस प्रोजेक्ट के सीईओ नदमी अल-नस्र को हटा दिया है। कर्मचारियों के साथ अपमानजनक और अनैतिक व्यवहार के आरोपों ने 2 ट्रिलियन डॉलर की परियोजना पर जांच तेज कर दी है। यह सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था और वैश्विक छवि बदलने के प्रयास में एक व्यापक चुनौती को दिखाती है। जिस अधिकारी को हटाया गया है उसने कर्मचारियों को रेत में गाड़ देने की धमकी दी थी। अल नस्र 2018 से नियोम प्रोजेक्ट संभाल रहे हैं। उन्होंने कथित तौर पर एक कर्मचारी को धमकी दी थी कि वह उसे रेगिस्तान में दफन कर देंगे। नियोम ने उनके हटने पर कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। लेकिन वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें बर्खास्त किया गया है। इसका कारण प्रोजेक्ट की स्पीड भी माना जा रहा है। इस प्रमुख परियोजना का आकार पहले ही छोटा किया जा चुका है। लेकिन इस प्रोजेक्ट को बनाने में नैतिकता की कमी सबसे गंभीर सवाल उठाती है।

# ट्रंप कैबिनेट में एक और हिंदू नेता को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**रिपोर्ट**

## अमेरिका की नई राष्ट्रीय खुफिया निदेशक होंगी तुलसी गबार्ड

2022 में वो डेमोक्रेटिक पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गई थीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप की कैबिनेट में एक और हिंदू नेता की एंट्री हो गई है। ट्रंप ने भारतवंशी तुलसी गबार्ड को अमेरिका की नई राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। पूर्व कांग्रेस सदस्य तुलसी गबार्ड की पहचान अमेरिका की पहली हिंदू कांग्रेस वूमन के तौर पर भी है। तुलसी गबार्ड एक सैनिक भी रह चुकीं हैं और विभिन्न मौकों पर मध्य पूर्व और अफ्रीका के युद्ध क्षेत्रों में तैनात रही हैं। वह कुछ समय पहले डेमोक्रेट पार्टी से अलग हो गई थीं और चुनाव के समय रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं।

साल 2019 में तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की प्राथमिक बहस में कमला हैरिस को शिकस्त दी थी। हालांकि वे राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में पिछड़ गईं। साल 2022 में वो डेमोक्रेटिक पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गई थीं। ट्रंप ने चुनावी बहस में हैरिस को हराने के लिए तुलसी से मदद भी मांगी थी। अमेरिकी में जन्मी तुलसी गबार्ड के पिता समोआ और यूरोपीय वंश के हैं। हिंदू धर्म में उनकी रुचि के कारण उन्होंने उनका नाम तुलसी रखा।

डोनाल्ड ट्रंप ने कई बड़े पदों पर नियुक्तियों के बाद टेस्ला प्रमुख एलन मस्क और करोड़पति उद्यमी से नेता बने विवेक रामास्वामी को भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। ट्रंप ने एलान किया है कि मास्क और रामास्वामी सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व करेंगे।

विवके रामास्वामी एक धनी बायोटेक उद्यमी हैं। भले ही उनके पास किसी तरह का सरकारी अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने कॉरपोरेट क्षेत्र में काम किया है और वह लागत में कटौती पर जोर दिया है।

इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के नए रक्षा सचिव के नाम का भी ऐलान कर दिया है। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के होस्ट, लेखक पीट हेगसेथ को रक्षा सचिव के पद के लिए चुना है। वो पूर्व सैनिक भी हैं। 44 साल के पीट हेगसेथ अफगानिस्तान और इराक में सैन्य सेवा दे चुके हैं। ट्रंप ने उन्हें सख्त, स्मार्ट और अमेरिका फर्स्ट में सच्चा विश्वास रखने वाला शख्स बताया है। इसके अलावा, ट्रंप ने फ्लोरिडा कैमेट गेट्ज को देश का नया अटॉर्नी जनरल चुना है।

## रूस से युद्ध लड़ रहे यूक्रेन को अगले साल नहीं होगी दिक्कत!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** कीव। डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने की योजना को देखते हुए दोनों देश अधिक से अधिक लाभ की स्थिति में रहने का प्रयास कर रही है। रूस जहां कुर्स्क क्षेत्र से यूक्रेनी सेना को खदेड़ने का प्रयास कर रही है, वहीं यूक्रेन रूसी सेना को अपने क्षेत्र में बढ़ने से रोकने और कब्जे वाले क्षेत्रों से पीछे धकेलने का प्रयास कर रहा है।

इस बीच, जाते-जाते जो बाइडन यूक्रेन को युद्ध में अगले वर्ष दिक्कत न हो इसका इंतजाम करने जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि बाइडन यूक्रेन की मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसलिए वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यूक्रेन अगले साल रूस के आक्रमण से लड़ सके।

इसके लिए यथासंभव सहायता भेज रहे हैं, जिससे यूक्रेन रूसी सेनाओं को दूर रखने में सक्षम हो सके और संभावित हमले में मजबूत पकड़ बना सके। उन्होंने कहा कि बाइडन चाहते हैं कि जो भी मदद यूक्रेन को दिया जाना है, वह प्रत्येक डॉलर अब से 20 जनवरी के बीच उसे दे दिया जाए।



**व्हाइट हाउस में जो बाइडन और ट्रंप की मुलाकात**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका में करीब चार वर्ष तक कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे राष्ट्रपति जो बाइडन और निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। मुलाकात में बाइडन ने पूर्व वादे के अनुसार जनवरी में सामान्य तरीके से सत्ता के हस्तांतरण का वचन दिया। ओवल हाउस में हुई दोनों नेताओं की मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। ट्रंप का बाइडन और उनकी पत्नी जिल ने स्वागत किया। इस दौरान जिल बाइडन ने ट्रंप को पत्नी मेलानिया के लिए हस्तलिखित शुभकामना संदेश भी दिया। मुलाकात के बाद बाइडन ने कहा, हम भविष्य की ओर देख रहे हैं। वह सारे कार्य होंगे जो आपके लिए (ट्रंप के लिए) सुविधाजनक होंगे। हम वापसी के लिए आपका स्वागत करते हैं। ट्रंप ने कहा, राजनीति कठोर होती है और विश्व में तमाम उदाहरण हैं जिनमें राजनीतिक अनुभव अच्छे नहीं रहे हैं। लेकिन आज बहुत अच्छा लग रहा है।

# इजरायली हमलों में हिज़बुल्ला के तीन फील्ड कमांडर ढेर

■हिजबुल्ला के जवाबी हमले में उत्तरी इजरायल में दो लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेरूत। दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्ला के तीन फील्ड कमांडर मारे गए। साथ ही, बेरूत के दहियाह में समूह के अधिकांश हथियार भंडारण और उत्पादन सुविधाओं को नष्ट कर दिया गया। मरने वालों में कमांडर अयमान मुहम्मद नबुलसी, हाज अली युसुफ सलाह और गजर क्षेत्र का एक अन्य कमांडर शामिल है।

सेना ने जानकारी देते हुए कहा कि अक्टूबर में खियाम क्षेत्र के हिजबुल्ला कमांडर मुहम्मद मूसा सलाह को मार गिराया गया था। बेरूत पर किए गए हमले में 20 लोग मारे गए। इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा कि हमले से पहले आम नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की गई थी। हिजबुल्ला जानबूझकर निवासियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए यहां घुसपैठ कर रहा है।

हालांकि, हिजबुल्ला ने इस आरोप को खारिज कर दिया।

हिजबुल्ला ने ड्रोन और राकेट से जवाबी हमला बोला। इसमें उत्तरी इजरायल के नाहरिया में दो लोगों की मौत हो गई। हिजबुल्ला का कहना था उनका लक्ष्य नाहरिया के पूर्व में एक सैन्य अड्डा था। इस बीच संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि लेबनान में युद्धविराम लाने के लिए उनकी ओर से सभी पक्षों के साथ बेहतरीन प्रयास किए जा रहे हैं।

गाजा पट्टी में इजरायली सैन्य हमलों में 14 फलस्तीनी मारे गए। इजरायली बलों ने बेइत हनौन में आश्रय स्थलों को घेर लिया है। यहां रहने वालों को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया गया है। फलस्तीनी स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि पुरुषों को पूछताछ के लिए पकड़ लिया गया है, जबकि महिलाओं और बच्चों को गाजा की ओर जाने की अनुमति दी गई है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि वे गाजा में लड़ाई पर वास्तविक और विस्तारित विराम चाहते हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों को सहायता मिल सके।

### कनाडा में अब गोरे भी खालिस्तानियों के निशाने पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा में खालिस्तान समर्थक भारत के बाद कथित तौर पर गोरे लोगों को भी निशाने पर ले रहे हैं। खालिस्तानियों की रैली में भारत विरोधी नारेबाजी आम रही है लेकिन अब एक नए वीडियो में खालिस्तानी गोरे लोगों को भी वापस यूरोप जाने के लिए कह रहे हैं। कनाडा के सरे शहर से खालिस्तानी समर्थकों की रैली के दौरान के एक वायरल अपुष्ट वीडियो में इस तरह की बातें कही गई हैं। खनाडा के पत्रकार डेनियल बोर्डमैन ने एक वीडियो अपने एक्स पर साझा किया है। इस वीडियो में सैकड़ों लोग खालिस्तानी झंडों के साथ दिख रहे हैं। एक शख्स इस पूरी रैली का वीडियो बनाते हुए कह रहा है कि म कनाडा के मालिक हैं और कनाडाई होने पर हमें गर्व है। गोरे लोगों को यूरोप और इजरायल वापस जाना चाहिए।


**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के उचित व्यवस्था करने के निर्देश

**बैठक**

## सामान्य प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। 7–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपादित कराने के लिए निर्वाचन कार्य को संपादित कराने के लिए तैनात किए गए जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों जिसमें सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन एवं व्यय प्रेक्षक हेमंत हिंगोनिया ने जिला कार्यालय सभागार में बैठक कर निर्वाचन में जो भी व्यवस्थाएं एवं तैयारियां की जानी हैं उसको निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशानुसार ही समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ करने को कहा।

सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन ने सभी सेक्टर अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने बूथों का एक पुनः आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा ले लें तथा जो भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी हैं उन्हें तत्परता



से करा ली जाए ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान से लेकर मतदान समाप्ति तक सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें एवं ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें तथा दूरस्थ पैदल पोलिंग बूथों पर भी सुरक्षा का उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक हेमंत हिंगोनिया ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सी–विजिल एप पर जो भी निर्वाचन संबंधी शिकायतें एवं समस्याएं दर्ज कराई जाती हैं उनका समयसीमा के अंतर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने एसएसटी, एफएसटी निगरानी टीमों को उप निर्वाचन क्षेत्र एवं चौक पोस्टों पर वाहनों की चौकिंग गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ करें एवं प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे चुनाव प्रचार–प्रसार एवं रैलियों पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए तथा जो भी प्रत्याशियों द्वारा जो भी चुनाव कार्यक्रम किए जा रहे हैं उनकी वीडियाग्राफी एवं फोटोग्राफी भी ठीक ढंग से कराई जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन बूथों पर जो भी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं कराई जानी हैं जिसमें विद्युत, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का सभी अधिकारी पुनः जायजा ले लें एवं जहां कोई भी व्यवस्था कराई जानी हैं वहां तत्परता से वह व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने दूरस्थ पैदल पोलिंग पार्टियों की सुविधा के लिए एक पीआरडी जवान तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी रूट प्लान के ही अनुसार पार्टियों का मूवमेंट कराएं एवं जो सड़क मार्ग आरटीओ के माध्यम से पास नहीं कराई गई है उसका आरटीओ के माध्यम से सर्वे कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें याद किया। विदित रहे की 14 नवंबर भारत में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने पुरानी जेल में स्थित पंडित नेहरू की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा संकल्प लिया कि पंडित नेहरू के आदर्शों पर चलकर उनके सिद्धांतों द्वारा देश की एकता और अखंडता को कायम रखना में अपना सहयोग देते रहेंगे। पंडित नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में आरिफ वारसी,प्रभात डंडरियाल, अतुल शर्मा, जय बिष्ट, पारस यादव , राजेंद्र जैन, विपुल नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

### हार की डर से चुनाव आयोग में शिकायत कर रही कांग्रेसः जोशी

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा ने कांग्रेस की ओर से चुनाव आयोग से की गई शिकायत को हार का डर बताया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने गुरुवार को तंज करते हुए कहा कि चुनाव से पहले मशीनरी का दुरुपयोग और चुनाव बाद ईवीएम गड़बड़ी के झूठे आरोपों से जनता वाकिफ है। लिहाजा उनका मत केदारघाटी में विकास के पक्ष में एकतरफा पड़ना निश्चित है। जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठ, भ्रम और बेबुनियाद आरोपों को अपनी रणनीति का अहम हिस्सा बना लिया है। इनके विचारहीन एवं मुद्दाविहीन नेता विकास कार्यों को अवरुद्ध करने एवं प्रदेश की छवि बिगड़ने के प्रयास में जुटे रहते हैं। चुनाव आयोग से सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोप भी उनकी इसी रणनीति का हिस्सा है। झूठ, अफवाह और षडयंत्रों में असफल होने के बाद उनको अब केदारनाथ विधानसभा में जमीनी हकीकत का अंदाजा हो गया है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने वर्षान्त पेशकशों के साथ स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कार खरीदारों के लिये इस साल वर्षान्त को आकर्षक बनाने के लिए उत्साहित है। इसके लिए इसने अपने लोकप्रिय मॉडल के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये हैं। हाल में पेश किए गए फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन को मिली जोरदार कामयाबी के बाद, स्पेशल लिमिटेड–एडिशन टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहक के केंद्र में ले जाता है और इस एक कदम के लिए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज की पेशकश की जाती है। ग्राहकों को अपने वाहनों को व्यैक्तिक करने देकर, स्पेशल लिमिटेड–एडिशन के रूप में खरीदारों को एक विशेष उन्नत रूपांतर खरीदने और रखने की अनुमति देता है।

# योजना की धीमी प्रगति पर पेयजल सचिव ने नाराजगी जाहिर की

**संवाददाता** चमोली। गुरूवार को पेयजल सचिव शैलेश बगोली ने विकासखण्ड कर्णप्रयाग की काण्डा मैखुरा पम्पिंग योजना एवं उमट्टा पेयजल योजना का निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ संवाद किया। काण्डा मैखुरा पेयजल योजना का इन्टेक वैल एवं ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए योजना की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अभियंताओं एवं ठेकेदार को 02 माह में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उमट्टा पेयजल योजना के निरीक्षण के उपरान्त ग्रामीणों द्वारा पेयजल योजना के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारू बतायी गयी।

तत्पश्चात उन्होंने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं एएनएम सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर अध्यापकों को कक्षा 10 के विद्यार्थियों की आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही स्कूल एवं एएनएम सेंटर में क्षतिग्रस्त पेयजल कनेक्शन को 01 सप्ताह के अन्दर सुचारू से करने करने के निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने कालेश्वर स्थित हार्क केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्र में विभिन्न उत्पादों का उत्पादन/बिक्री की जा रही है। इससे पूर्व उन्होंने विकासखण्ड गैरसैंण की सारेग्वाड पेयजल योजना एवं भैंसवाडासैंण पेयजल योजना का निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया।

ग्रामीणों द्वारा सभी घरों में कनेक्शन एवं पेयजल सुचारू बताया गया। सचिव ने ग्राम समिति से एक फिटर नियुक्त कर योजना को हस्तांतरित व रखरखाव करने हेतु प्रेरित किया।



### सचिव, कार्यक्रम क्रियान्वयन ने सुनी ग्रामीण की समस्याएं

**संवाददाता** चमोली। सचिव, कार्यक्रम क्रियान्वयन दीपक कुमार ने लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण हॉट में ग्रामीण की समस्याएं सुनी । उन्होंने पीडब्ल्यूडी को ल्वां दिगोली सड़क का मलबा डंपिंग जोन में डालने के निर्देश दिए। श्रीकोट मोटर मार्ग से जिनके खेत कटे हैं उन्हें शीघ्र ही मुआवजा दिया जाए। साथ ही उन्होंने जल निगम को पीपलकोटी के सीवरेज प्लांट का एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों की जैशाल सडक के एलाइमेंट चेंज करने की शिकायत पर उन्होंने जेई, वर्तमान प्रधान तथा पुलिस की संयुक्त निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने साइबर क्राइम जागरूकता हेतु पुलिस को विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने सड़क संबंधी विभागों को सड़कों को गढढा मुक्त करने के निर्देश दिए। हाट की सड़क को लेकर उन्होंने पीडब्लूडी और टीएचडीसी को आपसी समन्वय से त्वरित गति से समस्या का निस्तारण करने को कहा।

# सामान्य प्रेक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण का लिया जायजा

**संवाददाता**

रुरुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपादित कराने के लिए राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में कार्मिकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आज चौथे दिन भी जारी रहा जिसका भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन ने उपलब्ध कराए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया।

उन्होंने उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वरों से कहा कि उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया की व्यवस्थाओं पर कड़ी निगरानी रखी जानी है तथा उन्हें सभी व्यवस्थाओं का संज्ञान तत्परता से लें। कहीं भी किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी एवं कोई समस्या आती है

## दायित्वों का निर्वहन आपसी समन्वय के साथ संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश

तो इसके लिए उनके संज्ञान में तत्काल लाया जाए ताकि उसका शीघ्रता से शीघ्र निराकरण किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपादित कराने के लिए उन्हें जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसे सावधानी पूर्वक ग्रहण कर लें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ही निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित किया जाए तथा सभी अधिकारी एवं कार्मिक आपसी समन्वय के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराएं।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी वेबकास्टिंग प्रवीण भट्ट ने वेबकास्टिंग में लगाए गए कार्मिकों से कहा कि विधान सभा उप निर्वाचन की 173 बूथों में से 130 बूथों पर वेबकास्टिंग की जानी है। उन्होंने उपस्थित कार्मिकों से कहा कि जिन बूथों पर उनकी तैनाती की गई है उस पर वे सीसीटीवी कैमरे को उचित स्थान पर लगाया जाए जिससे कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की वेबकास्टिंग की जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की कोई ढिलाई एवं लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

### बिजली दरों में बढ़ोत्तरी पर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। केजरीवाल विचार मंच की ओर से बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के खिलाफ डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओपी मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ता गुरुवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। मंच कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी से तंग आ चुकी हैं और अब बिजली बिलों में बढ़ोत्तरी से बोझ बढ़ गया है। कहा कि वित्तीय वर्ष 2024–2025 के लिए बिजली दरों में 23 से 27 फीसदी तक की बढ़ोतरी का प्रस्ताव आया है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सुधा पटवाल और सुदेश सैनी, विपिन खन्ना, हेमा भंडारी, अनिल सती, संजू नारंग, आशीष गौड, प्रवीण कुमार, पवन कुमार, शाहिन अशरफ, मयंक गुप्ता, शिल्पा भंडारी, सुदेश सैनी, राजीव तोमर, नासिर खान, सीमा कश्यप,संध्या चौटाला आदि मौजूद रहे।

*मजबूर और मजबूत में ज्यादा फर्क नही है, स्वार्थी मनुष्य से दोस्ती करोगे तो वो आपको मजबूर बना देगा। -अज्ञात*





पेज थ्री
www.page3news.in

# बेतुके आरोप

**खुद ट्रूडो को एक समिति के सामने कबूल करना पड़ा कि उनके पास कोई सबूत नहीं थे। सार्वजनिक शर्मिंदगी के बाद भी उनकी सरकार के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। वह अभी तक कोई सबूत नहीं दे पा रही है, लेकिन अलग-अलग तरीकों से आरोपों का दायरा बढ़ाती जा रही।**

अनुज श्रीवास्तव।।

कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार के रवैये को देखते हुए यह साफ है कि वह दोनों देशों के रिश्तों को सुधारने या इन्हें दोबारा पटरी पर लाने के बिल्कुल मूड में नहीं है। जिस तरह से बिना कोई ठोस सबूत मुहैया कराए वह भारत पर लगाए अपने आरोपों का दायरा बढ़ाती जा रही है, उसे द्विपक्षीय रिश्तों की बेहतरी की किसी भी भावना से जोड़ना मुश्किल है।

यह काफी हद तक साफ तभी हो गया था जब पिछले साल महज सूचनाओं के आधार पर जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश की संसद में यह आरोप लगा दिया था कि वहां हुई एक खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। तब भी भारत ने यही कहा था कि उनके पास अगर कोई ठोस सबूत हैं तो मुहैया कराएं, मामले की जांच कराई जाएगी। लेकिन उधर से कोई सबूत नहीं दिए गए। हुआ यह कि पिछले दिनों खुद ट्रूडो को एक समिति के सामने कबूल करना पड़ा कि उनके पास कोई सबूत नहीं थे।



दिलचस्प है कि इस सार्वजनिक शर्मिंदगी के बाद भी उनकी सरकार के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। वह अभी तक कोई सबूत नहीं दे पा रही है, लेकिन अलग-अलग तरीकों से आरोपों का दायरा बढ़ाती जा रही। पहले कनाडा में भारत के उच्चायुक्त को 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर दिया और फिर अमेरिकी अखबार 'वॉशिंगटन पोस्ट' में स्टोरी प्लांट करवाई कि इस हत्या के पीछे भारत के गृहमंत्री का हाथ है। ऐसे में स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि आखिर कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार इस तरह की हरकतें क्यों कर रही है जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के तय मानकों में कहीं से फिट नहीं बैठतीं। घटनाओं और हालात के जरिए इसे समझने की कोशिश करें तो यह जाहिर हो जाता है कि वह घरेलू राजनीतिक दबावों और चुनावी फायदों से निर्देशित हो रही है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मानक और द्विपक्षीय रिश्तों की बेहतरी कम से कम फिलहाल उसकी प्राथमिकता में नहीं हैं।

अफसोस की बात यह है कि इस स्थिति का प्रभाव न सिर्फ दोनों के रिश्तों पर बल्कि कनाडा में रह रहे या वहां पढ़ाई के लिए जाने की सोच रहे छात्रों और युवाओं पर पड़ रहा है। इन पहलुओं को देखते हुए ही इन हालात में भी भारत ने यह दोहराया है कि द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में आज भी उसकी मुख्य चिंता उन खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियां ही हैं जिन्हें अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर बेलगाम छोड़ दिया गया है। देखना होगा कि कब कनाडा में अंदरूनी राजनीति के समीकरण बदलते हैं या कब वहां की सरकार अंतरराष्ट्रीय मामलों को घरेलू राजनीति के दबावों से अलग रखने का अनुशासन दिखा पाती है।

## मूर्ति की व्यवस्था

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** तब ईश्वर कहता है कि यह तो अच्छी बात है काले कलर का वस्त्र पहन कर कभी भी पूजा नहीं करनी चाहिए जब तुम अपना बदल कर फिर से आओ।

साल बीत गया था बस गणेश चतुर्थी आने ही वाला था और गणेश चतुर्थी आप कुछ दिन में आ ही गया था। उसके बाद शेरों सेठानी कहीं बाहर गए हुए थे जिस कारण से उसे गणेश जी की मूर्ति खरीदने में देर हो गई थी। फिर उसके बाद जब शेर हो सेठानी मार्केट जाते हैं गणेश जी की मूर्ति खरीदी के लिए मूर्ति कहीं भी नहीं मिलती है। ऐसे में अब गणेश चतुर्थी की पूजा भी करानी थी लेकिन मूर्ति ना होने के कारण सेठ और सेठानी तथा पंडित जी कभी उदास लग रहे थे। सभी सेठ सेठानी से पंडित जी कहते हैं कि आप लोगों को पहले ही मूर्ति की व्यवस्था कर लेनी चाहिए अभी मूर्ति कहां मिलेगा। **...शेष कल**

## संपादकीय

### चंदा और वसूली

अमेरिका के साथ तो भारत के रिश्ते काफी गहराई ले चुके हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा से लेकर आर्थिक व सामरिक मामलों में सहयोग काफी बढ़ा है। यदि इन देशों में खालिस्तानियों की गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भारत भी अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर चोट पहुंचते नहीं देख सकता। इन देशों को समझना होगा कि भारत के पंजाब में खालिस्तान का नाम कुछ मुट्ठी भर लोग ही लेते हैं और इसके लिए आंदोलन भारत की धरती पर नहीं बल्कि कनाडा सहित फाइव आइज देशों में ही चलाया जा रहा है, जिसके पीछे चंदा और वसूली का बहुत मजबूत तंत्र काम कर रहा है। फाइव आइज के दो देश– ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका– चार देशों के संगठन फनंक के भी सदस्य हैं। ऐसे में भारत की नाराजगी की वजह से फनंक के सदस्य देशों में परस्पर विश्वास घट सकता है। अमेरिका व पश्चिमी देशों को समझना होगा कि इनके साथ सामरिक साझेदारी कितनी भी अहम क्यों न हो, भारत इसके लिए अपनी राष्ट्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं कर सकता।

कनाडा की पुलिस के ये ताजा आरोप संगीन और सनसनीखेज हैं कि कनाडा की नागरिकता वाले सिख अलगाववादियों को धमकाने के लिए पंजाब के लॉरेंस विश्नोई गिरोह का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# समीकरणों पर असर

रंजीत कुमार।।

भारत और कनाडा के बीच राजनयिक रिश्तों में अप्रत्याशित गिरावट आई है। भारतीय उच्चायुक्त सहित छह राजनयिकों को निज्जर हत्याकांड से सीधे जोड़े जाने के बाद भारत ने जिस तरह कनाडा के डेप्युटी हाई कमिश्नर सहित छह राजनयिकों को देश छोड़ने के लिए कह दिया, उससे साफ है कि दोनों देशों के रिश्तों का दोबारा पटरी पर आना तब तक संभव नहीं होगा जब तक कि कनाडा सरकार अपने देश में अलगाववादियों के खिलाफ कोई विश्वसनीय कार्रवाई नहीं करती।

राजनयिकों के खिलाफ की गई इस दोतरफा कार्रवाई का द्विपक्षीय रिश्तों पर तो असर पड़ेगा ही, अंतरराष्ट्रीय भूराजनीतिक समीकरण भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। निज्जर को लेकर लगे आरोपों के साथ ही भारत अलगाववादी और अमेरिकी–कनाडाई नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों का भी सामना कर रहा है। निज्जर की पिछले साल जून में हुई हत्या के बाद से कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बौखलाए हुए हैं। ट्रूडो ने पिछले साल 21 सितंबर को नई दिल्ली मे ळ20 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में यह मुद्दा उठाया था कि निज्जर की हत्या में किसी भारतीय एजेंट का हाथ होने के



विश्वसनीय आरोप हैं। लेकिन उन्होंने कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किया।

कनाडा की पुलिस के ये ताजा आरोप संगीन और सनसनीखेज हैं कि कनाडा की नागरिकता वाले सिख अलगाववादियों को धमकाने के लिए पंजाब के लॉरेंस विश्नोई गिरोह का इस्तेमाल किया जा रहा है। भले कनाडा की पुलिस ने कोई सबूत पेश नहीं किए हों, लेकिन लॉरेंस गिरोह के इस्तेमाल का आरोप लगाने से अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच भारत शक के घेरे में खड़ा दिखने लगा है। खालिस्तान को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनातनी अस्सी के दशक में ही शुरू हो गई थी, जब 1985 में एयर इंडिया के कनिष्क विमान में ब्रिटेन के आकाश में हुए विस्फोट में 329 यात्री मारे गए थे। तब जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो कनाडा के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने भी साजिशकर्ताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। लेकिन अब इन अलगाववादियों को इतना बढ़ावा मिलने लगा है कि वे खुलेआम भारतीय राजनयिकों के फोटो गुरुद्वारों पर लगा कर उन्हें मारने की धमकी दे रहे हैं।

कुछ इसी तरह के दृश्य अमेरिका और ब्रिटेन में भी देखे गए हैं। अलगाववादियों की शिकायतों को लेकर फाइव आइज के साझेदार देश (अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड) काफी संवेदनशील नजर आते हैं। फाइव आइज देशों में सिख प्रवासियों की अच्छी तादाद है। उन देशों में इनके वोट कीमती माने जाते हैं। शायद यही वजह थी कि पिछले सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रपति बाइडन के साथ बैठक से कुछ ही घंटे पहले वाइट हाउस में खालिस्तानी नेताओं को आमंत्रित कर यह भरोसा दिया गया था कि उनकी सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। सवाल है कि भारत कब तक ऐसी बातों को नजरअंदाज करेगा कि किसी अलगाववादी की शिकायत पर एक अमेरिकी अदालत भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की पेशी का आदेश जारी कर दे।

### सूडोकु बवाल-5317

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु बवाल -5316 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### 'फाइव आइज' देशों में तालमेल

**मोहन।** ध्यान रहे, ताजा घटनाक्रम के बाद कनाडा ने न केवल अमेरिका को पूरी जानकारी दी बल्कि फाइव आइज के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक कर उन्हें भी पूरी स्थिति से अवगत कराया। बहुत संभव है कि आने वाले दिनों में भारत के इन देशों से रिश्तों पर कुछ आंच आए। हालांकि ये देश भारत को बड़े बाजार के तौर पर देखते हैं और उसके साथ राजनयिक रिश्ते मजबूत कर रहे हैं। लेकिन भारत अपनी आर्थिक ताकत का डंका एक सीमा तक ही बजा सकता है। उसे आर्थिक ताकत बनाने में ये देश भी सहयोग कर रहे हैं क्योंकि ये चीन के साथ अपने रिश्तों को सीमित कर भारत को विकल्प के तौर पर अपनाना चाहते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी दिखाई जाती है। यह सब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर होता है और कनाडा का पुलिस तंत्र व प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है।






## 20 साल बाद बन रहा है ऐतराज का सीक्वल, सुभाष घई का ऐलान


प्रियंका चोपड़ा, अक्षय कुमार और करीना कपूर खान स्टारर ऐतराज की सीक्वल ऐतराज 2 जल्द ही सिनेमा स्क्रीन पर दस्तक देगी। ये खुशखबरी बुधवार 13 नवंबर की सुबह निर्माता निर्देशक सुभाष घई ने दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए सुभाष घई ने 2004 की सुपरहिट फिल्म ऐतराज की झलक दिखाई। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनास की ये फोटो है। जिसमें वो सफेद रंग की आउटफिट में नजर आ रही हैं।

पोस्ट में प्रियंका चोपड़ा की जमकर तारीफ की और लिखा, बोल्ड और खूबसूरत प्रियंका चोपड़ा ने हिम्मत दिखाई और कर दिखाया। यही वजह है कि सिने प्रेमी आज 20 साल बाद भी 'ऐतराज' में निभाए उनके किरदार को नहीं भूल पाए हैं। मेरे मुक्ता आर्ट्स ने ऐतराज को बनाया था। पहले प्रियंका इस भूमिका को निभाने में हिचकिचाई थीं, लेकिन फिर इस महिला के किरदार को पूरे आत्मविश्वास के साथ बखूबी निभाया। पुरानी ऐतराज के पलों को याद करने के बाद फिल्म निर्माता ने 'ऐतराज' के दूसरी किस्त की घोषणा की। लिखा, अब मुक्ता आर्ट्स 3 साल की कड़ी मेहनत और बेहतरीन स्क्रिप्ट के साथ ऐतराज 2 के लिए तैयार है। बस इंतजार कीजिए। साल 2004 में रिलीज हुई इस रोमांटिक–थ्रिलर का निर्देशन अब्बास–मस्तान ने किया था।

## शाहरुख खान की बाजीगर का 31 साल बाद बनेगा सीक्वल

साल 1993 में एक फिल्म रिलीज हुई थी। नाम था श्बाजीगरश्। इस फिल्म ने शाहरुख खान को शाहरुख खान बना दिया था। निगेटिव रोल था, लेकिन जबरदस्त। कई स्टार्स ने इस फिल्म को करने से इनकार कर दिया था, लेकिन जब शाहरुख ने अपनी दमदार एक्टिंग से अपने किरदार में जान फूंक दी तो वो रातोंरात फेमस हो गए थे। अब इस फिल्म से जुड़ी एक गुड न्यूज है। बताया जा रहा है कि फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है। आइये बाजीगर 2 के बारे में जानते हैं। प्रोड्यूसर रतन जैन ने पुष्टि की है कि बाजीगर सीक्वल के बारे में शाहरुख खान के साथ चर्चा चल रही है। हालांकि, कोई ठोस योजना या स्क्रिप्ट नहीं है। रतन जैन ने अपनी मंशा व्यक्त की कि वे केवल तभी इस प्रोजेक्ट पर काम करेंगे, जब इसमें शाहरुख लीड रोल में होंगे। निर्माता रतन जैन ने ईटाइम्स को बताया, श्हम बाजीगर 2 के बारे में शाहरुख से बात करते रहते हैं, लेकिन बहुत कुछ नहीं हुआ है, लेकिन ये निश्चित रूप से बनेगी।श 31 साल पहले रिलीज हुई ये फिल्म शाहरुख के करियर का टर्निंग प्वॉइंट साबित हुआ था। इसे पहले अनिल कपूर को ऑफर किया गया था, लेकिन तब वो रूप की रानी चोरों का राजा में बिजी थें।

## विक्की कौशल का महाअवतार, फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ नई फिल्म का ऐलान



विक्की कौशल की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। इसका नाम श्महाअवतारश है। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिवील कर दिया गया है और यकीनन आपने उनका ऐसा अवतार पहले कभी नहीं देखा होगा। इस फिल्म के लिए उन्होंने दिनेश विजान से हाथ मिलाया है, जो हॉरर–कॉमेडी मूवी स्त्री और स्त्री 2 के लिए जाने जाते हैं। ये फिल्म दो साल बाद साल 2026 में रिलीज होगी। फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए Maddock Films ने ट्वीट किया कि दिनेश विजान ने धर्म के शाश्वत योद्धा की कहानी को जीवंत किया है। इसका निर्देशन अमर कौशिक कर रहे हैं। रुडींअंजंत में विक्की कौशल को चिरंजीवी परशुराम की भूमिका में देखा जाएगा। ये क्रिसमस के मौके पर साल 2026 में सिनेमाघरों में आ रही है। बताया जा रहा है विक्की कौशल, संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर खत्म करने के बाद नवंबर 2025 में महाअवतार की शूटिंग शुरू करेंगे और प्री–प्रोडक्शन का काम जनवरी में होगा। लव एंड वॉर के बाद विक्की एक मेगा फीचर फिल्म साइन करना चाह रहे थे और निर्माता दिनेश विजान एक ऐसी स्क्रिप्ट लेकर आए, जिसे वो मना नहीं कर पाए। विक्की कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो को मिला बीबीएमएफ का नोटिस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर हाल ही बोंगो भाषी महासभा फाउंडेशन ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर की विरासत का अपमान करने, सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। साथ ही शो को नोटिस भी भेज दिया। इसके बाद खबरें आईं कि सलमान खान के प्रोडक्शन हाउस को भी नोटिस भेजा गया है। लेकिन एक्टर के प्रोडक्शन हाउस ने अटकलों पर विराम लगा दिया है। साथ ही कहा है कि सलमान खान या उनके प्रोडक्शन हाउस का द ग्रेट इंडियन कपिल शो से कोई लेना–देना नहीं है।*

**सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं को ठेस**

हाल ही डॉ. मंडल की ओर से कानूनी सलाहकार नृपेंद्र कृष्ण रॉय द्वारा जारी एक नोटिस में दावा किया गया कि द ग्रेट इंडियन कपिल शो रवींद्रनाथ टैगोर की सम्मानित विरासत का उल्लंघन करता है और इससे सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। सलमान खान के प्रोडक्शन हाउस के बारे में ये खबरें हैं कि उन्हें कानूनी नोटिस भेजा गया है, लेकिन कंपनी के प्रतिनिधि ने साफ किया है कि उनका नेटफ्लिक्स पर प्रसारित शो से कोई ताल्लुक नहीं है।



**सलमान खान की टीम बोली- हमारा कोई लेना-देना नहीं**

सलमान खान के प्रतिनिधि ने जारी किए बयान में कहा, नेटफ्लिक्स पर प्रसारित श्द ग्रेट इंडियन कपिल शो से हमारा कोई लेना–देना नहीं है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सलमान खान को नोटिस मिला है, लेकिन यह सच नहीं है क्योंकि हम नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाले द ग्रेट इंडियन कपिल शो से जुड़े नहीं हैं। सलमान खान की टीम ने साफ किया है कि उनका प्रोडक्शन हाउस अब नेटफ्लिक्स पर चल रहे शो से कोई संबंध नहीं रखता और कानूनी नोटिस से उनका कोई लेना–देना नहीं है।

**कृष्णा अभिषेक ने पेश की थी एक स्किट**

मालूम हो कि द ग्रेट इंडियन कपिल शो के हाल ही के एक एपिसोड में कृष्णा अभिषेक ने एक स्किट पेश की थी, जिससे बंगाली समुदाय नाराज हो गया था और कहा था कि कृष्णा अभिषेक ने रवींद्रनाथ टैगोर के गीत एकला चलो रे का मजाक उड़ाया था। बंगाली कवि श्रीजातो भी भड़क गए थे और मेकर्स के खिलाफ कानूनी एक्शन की बात कही थी।

# सोनू के वेडिंग रिसेप्शन में शामिल होगी तारक मेहता शो की पूरी टीम

*तारक मेहता का उल्टा चश्मा की सोनू भिड़े यानी झील मेहता शादी करने जा रही हैं। डेट रिवील हो चुकी है और यह भी पता चल गया है कि शादी में किसे बुलाया जाएगा और रिसेप्शन में किसे। झील मेहता के घर शादी के जश्न की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।*



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की छोटी सी सोनू भिड़े याद है? उस रोल को झील मेहता ने निभाया था। झील मेहता अब बड़ी हो चुकी हैं, और एक्टिंग छोड़ने के बाद खुद का बिजनेस करने लगी थीं। अब झील मेहता शादी करने जा रही हैं। घर में शादी का जश्न शुरू हो गया है और तैयारियां जोरों से चल रही हैं। झील मेहता की शादी 28 दिसंबर को होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, झील मेहता अपनी शादी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, और अब फाइनली 28 दिसंबर को वह दिन तय किया गया है, जब वह मंगेतर और कंटेंट क्रिएटर आदित्य दुबे के साथ सात फेरे लेंगी।

**शादी को लेकर यह बोलीं झील मेहता**

झील मेहता ने बताया कि उनकी शादी ट्रेडिशनल अंदाज में होगी, जिसमें कंटेम्परेरी चीजों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने शादी को अपनी लाइफ का सबसे बड़ा एडवेंचर बताया।

**क्या शादी में शामिल होगी टीएमकेओसी टीम?**

यह पूछे जाने पर कि क्या शादी में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की टीम भी शामिल होगी, तो झील मेहता ने कहा, श्मेरी शादी में सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के लोग शामिल होंगे। तारक मेहता...की टीम रिसेप्शन में आएगी।

**शादी की तैयारियां, कर रहीं डांस प्रैक्टिस**

झील मेहता ने बॉयफ्रेंड आदित्य दुबे से जनवरी 2024 में सगाई की थी। उन्होंने हाल ही अपने घर का एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया था। वीडियो में उन्होंने शादी की तैयारियों की झलक दिखाई थी। अपनी शादी के लिए झील मेहता और आदित्य डांस की प्रैक्टिस भी कर रहे हैं।

**अब क्या काम करती हैं झील मेहता?**

करियर की बात करें, तो झील मेहता एक्टिंग छोड़ने के बाद मेकअप आर्टिस्ट बन गई थीं। इसके अलावा वह सेफ स्टूडेंट हाउसिंग के नाम से खुद का बिजनेस भी चलाती हैं। इसके जरिए वह स्टूडेंट्स को रहने–खाने की जगह मुहैया करवाती हैं।

# पतले दस्त, जोड़ों का दर्द, लिवर की सूजन के लिए आयुर्वेदिक नुस्खे

*अगर आप सर्दियों में जोड़ों के दर्द या दस्त जैसी पाचन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, तो आपको डॉक्टर द्वारा बताए आयुर्वेदिक नुस्खों को आजमाना चाहिए।*

सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है और इन दिनों इम्यूनिटी कमजोर होने से कई बाहरी और भीतरी शारीरिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अक्सर लोग इन दिनों दस्त, बढ़ते वजन, माइग्रेन और जोड़ों में दर्द की समस्याओं से पीड़ित रहते हैं। आयुर्वेद डॉक्टर गुरुसेवक सिंह ने कुछ आयुर्वेदिक उपाय बताए हैं, जो आपको इन विकारों से जल्दी आराम दे सकते हैं।

**पतले दस्त का आयुर्वेदिक इलाज**

आधा चम्मच कच्चा जीरा सुबह-शाम चबाने से आपको जल्दी फायदा मिल सकता है। इसके बाद ऊपर से थोड़ा से गुनगुना पानी पी लें। इसकी दो खुराक से दस्त को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। यह पतले दस्त का बढ़िया घरेलू उपाय है।

**घुटने के दर्द का रामबाण इलाज**

200 ग्राम तिल का तेल, लहुसन की कलियां, 20 लौंग को एक साथ पका लें। इस तेल से मालिश करने से घुटने के दर्द से आराम मिल सकता है। इसे रात को सोते समय लगाएं।

**माइग्रेन के लिए आयुर्वेदिक नुस्खा**

इसके लिए अश्वगंधा पाउडर लें। एक चम्मच पाउडर को एक गिलास दूध के साथ लेने से आपको माइग्रेन से राहत मिल सकती है। ध्यान रहे कि दूध ठंडा इस्तेमाल करें।

**वजन कम करने का देसी नुस्खा**

आधा कप गुनगुना पानी लें और उसके अंदर दो चम्मच एलोरा रस और दो चम्मच आंवला रस मिक्स करें और एक चम्मच अदरक का रस मिक्स करें। इसे खाली पेट लगातार दो महीने पीने से वजन कम हो सकता है।



**लिवर सोरायसिस का देसी नुस्खा**

एक लीटर पानी में खीरे और लेमन स्लाइस डालें, 5 पत्ते पुदीने के डालें, इसे एक घंटे के लिए ढककर रख दें, फिर कपड़े से पानी छान लें, इस पानी को हर आधे घंटे बाद पिएं। इससे लिवर सोरायसिस की समस्या हल हो सकती है।

# बढ़ती उम्र में मां के लिए खरीदें परफेक्ट ब्रा ताकि मम्मी की सेहत रहे ठीक



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)


*बढ़ती उम्र का असर स्किन, बाल या बॉडी शेप की तरह ब्रेस्ट पर भी पड़ता है। बढ़ती उम्र के साथ ब्रेस्ट का साइज और शेप बदल जाता है। ब्रेस्ट पहले की तरह फर्म नहीं रहते। उनकी सॉफ्टनेस और सैगिंग बढ़ जाती है। इस उम्र में सही ब्रा पहनना बहुत जरूरी है। गलत ब्रा पहनने से आउटफिट का शेप और आपका लुक दोनों बिगड़ सकते हैं। कई महिलाएं ब्रा की शॉपिंग को लेकर कन्फ्यूज रहती हैं। कप का साइज सही मिलता है तो ब्रा ठीक से सपोर्ट नहीं करती। कई बार ब्रा इतनी टाइट होती है कि कंधों में दर्द होने लगता है। उम्र बढ़ने के साथ ये कन्फ्यूजन और बढ़ जाती है। 40 की उम्र के बाद ब्रा खरीदते समय महिलाओं को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसके बारे में बता रही हैं फैशन स्टाइलिश सोनल जैन।*

**ब्रा खरीदने में हिचक कैसी?**

परफेक्ट ब्रा की शॉपिंग में कई महिलाएं मोटी रकम खर्च करती हैं फिर भी उन्हें संतुष्टि नहीं मिलती। इसका कारण है महिलाओं की शर्म और हिचक। आज भी कई महिलाएं ब्रा खरीदने में हिचक महसूस करती हैं। सही जानकारी न होने के कारण ज्यादातर महिलाएं गलत साइज की ब्रा पहनती हैं। अगर मां ब्रा खरीदने में हिचक महसूस करती हैं तो बेटी को मां की शॉपिंग करानी चाहिए।

**ब्रा खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखें?**

ब्रा खरीदते समय मां की पसंद और जरूरत का ध्यान रखें। सही ब्रा खरीदने के लिए स्टोर में मौजूद एक्सपर्ट से इसके बारे में खुलकर बात करें। वो मम्मी की उम्र और जरूरत के अनुसार सही ब्रा खरीदने में मदद करेंगे। मां के लिए ब्रा खरीदते समय कप साइज का विशेष ध्यान रखें। ब्रा की क्वालिटी चेक कर लें ताकि मां की स्किन को कोई नुकसान न हो। मां के लिए वायर्ड ब्रा न खरीदें। इससे स्किन पर खुजली, पिगमेंटेशन, एलर्जी हो सकती है। मां को हर छह महीने में ब्रा बदलने के लिए कहें। 40 के बाद महिलाओं के लिए स्पोर्ट्स ब्रा बेस्ट हैं। ये कंफर्टेबल होती हैं, ब्रेस्ट को पूरा कवर करती हैं, इनकी फिटिंग सही होती है, ब्रेस्ट को सही सपोर्ट देती हैं और ब्रेस्ट हेल्थ के लिए बेस्ट हैं।



**गलत ब्रा बिगाड़ सकती है सेहत**

हर महिला के ब्रेस्ट का साइज और शेप अलग होता है इसलिए एक जैसी ब्रा हर महिला के लिए सही नहीं हो सकती। मां की फ्रेंड जो ब्रा पहनती हैं जरूरी नहीं कि वो आपकी मां के लिए भी सही हो। एक दूसरे की देखादेखी में कई महिलाएं गलत साइज की ब्रा पहनती हैं। लेकिन लंबे समय तक खराब फिटिंग वाली ब्रा पहनने से महिलाओं को गर्दन, पीठ और कंधे में दर्द हो सकता है।

हर महिला के लिए सही ब्रा का चुनाव करना बेहद जरूरी है। मां के लिए ऐसी ब्रा खरीदें जिसे पहनकर वो अच्छा महसूस करें, जो कंफर्टेबल हो, ब्रेस्ट को अच्छा सपोर्ट दे, जिसे पहनकर बॉडी पॉश्चर अच्छा दिखे, पीठ और शोल्डर पर तनाव न महसूस हो।

**मां के लिए ब्रा एक्सटेंडर खरीदें**

अगर मेनोपॉज के कारण आपकी मां का वजन बढ़ रहा है और उनकी ब्रा की फिटिंग बार-बार बदल जाती है तो उनके लिए ब्रा एक्सटेंडर खरीदें। ब्रा एक्सटेंडर का इस्तेमाल कर आपकी मां पुरानी ब्रा को भी आसानी से पहन सकती हैं। ब्रा एक्सटेंडर हर लॉन्जरी शॉप में या ऑनलाइन भी मिल जाते हैं। आप ब्रा के कलर और हुक से मैच करता हुआ 2 या 3 हुक वाला ब्रा एक्सटेंडर खरीद सकती हैं।



## 1 गिलास दूध से ज्यादा हेल्दी है 1 कटोरी दही, आखिर क्या है वजह?

दूध आपकी हड्डियों के लिए बहुत ताकतवर होता है। इसके अंदर कैल्शियम की मात्रा अच्छी होती है। इसलिए बच्चों से लेकर बड़ों को रोजाना दूध पीने की सलाह दी जाती है। लेकिन कई लोगों को इसका टेस्ट पसंद नहीं होता। वहीं कुछ लोगों को इसे पीने के बाद अपच या ब्लोटिंग की समस्या होने लगती है। वो इस डर की वजह से दूध पीते रहते हैं कि हड्डियों को ताकत मिल जाए। लेकिन न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रियंका शेरावत ने कहा कि अगर आप दूध नहीं भी पीते हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है। दूध की जगह दही खाना शुरू करें। यह आपकी गट हेल्थ के लिए दूध से ज्यादा फायदेमंद होती है। दही खाने से आपको हड्डियों की ताकत के लिए भी सोचने की जरूरत नहीं। यह दूध जैसा कैल्शियम देती है और साथ में फर्मेंटेड फूड होती है। आइए जानते हैं कि फर्मेंटेड फूड क्या है और दही पेट के लिए दूध पीने से क्यों बेहतर है? न्यूरोलॉजिस्ट प्रियंका शेरावत ने बताया कि दही पेट के लिए बहुत अच्छी रहती है, क्योंकि यह एक फर्मेंटेड फूड है। ऐसे फूड्स प्रोबायोटिक्स की तरह काम करते हैं। फर्मेंटेशन के दौरान इनके अंदर गट के लिए हेल्दी बैक्टीरिया पैदा होते हैं। यह हमारी आंतों और इंटेस्टाइन की लाइनिंग को भी सही रखने में मदद करते हैं। डॉक्टर ने बताया कि जितना कैल्शियम एक गिलास दूध में होता है, उतना ही 1 कटोरी दही खाने से मिल जाता है।

## घर के खाने की असली ताकत है गाय का ताजा घी

डॉक्टर ने कहा कि अगर आप गोलियां खाने से बचना चाहते हैं तो घर के खाने की असली ताकत को पहचानिए। उन्होंने गाय के ताजा घी का सेवन करने से मिलने वाले 3 बड़े फायदों के बारे में बताया है। देसी घी के नुस्खे आंखों का चश्मा उतारने, कमजोर शरीर को बलवान बनाने और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि देसी घी कैसे खाना चाहिए? आइए इनके बारे में जानते हैं। डॉक्टर रोबिन ने बताया कि गाय के ताजा घी में बराबर मात्रा में आंवला पाउडर और उतनी ही मात्रा में धागे वाली मिश्री को साथ में मिलाकर पेस्ट बनाकर रख लें। दिन में छोटा-छोटा एक चम्मच दो बार खाएं। ऊपर से गुनगुना दूध पी लें। आपकी आंखों, बालों और त्वचा के लिए यह वरदान से कम नहीं है। खासतौर से आंखों का चश्मा हटाने, उम्र से पहले सफेद हुए बालों को काला करने के लिए यह बहुत असरदार नुस्खा है। 2 पके केले में एक छोटा चम्मच देसी घी और उतनी ही धागे वाली मिश्री को मिलाकर रोजाना सुबह नाश्ते में खाना शुरू कर दीजिए। देसी घी के फायदे बताते हुए डॉक्टर ने बताया कि इसमें ओमेगा 3 और ओमेगा 9 बहुत अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। जो हमारे गंदे कोलेस्ट्रॉल लेवल को मैनेज करने में मदद करते हैं। इससे हार्ट हेल्थ भी सुधरती है।

## दूध में 5 चीजें मिलाकर पिएं, 10 दिन में मिलेगी बेहिसाब ताकत



शारीरिक कमजोरी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। आजकल सिर्फ बुजुर्ग या महिलाएं ही नहीं बल्कि बच्चे और युवा भी कमजोरी का शिकार हो रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण आजकल का खानपान है। कमजोरी से आपको थकान हो सकती है जिससे आपके रोजाना के कामकाज पर बुरा असर पड़ सकता है। शारीरिक कमजोरी होने पर आपको कई लक्षण महसूस हो सकते हैं जैसे- चक्कर आना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और यौन संबंध में कमी। वैसे तो कमजोरी के कई कारण हैं लेकिन आजकल के युवा जवानी की गलत आदतों की वजह से शारीरिक कमजोरी का सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। नितेश सोनी फेमस फिटनेस और डाइट एक्सपर्ट हैं। वो बता रहे हैं कि शारीरिक कमजोरी को कैसे दूर किया जा सकता है।

नितेश के अनुसार, इस शेक को नियमित रूप से 10 दिनों तक पीने से कमजोरी से राहत मिल सकती है। कमजोरी कई अलग-अलग कारणों से हो सकती है और इसके लक्षण भी व्यक्ति से व्यक्ति में भिन्न हो सकते हैं।



चकनाचूर किया भुवी-बुमराह का रिकॉर्ड

सेंचुरियन में 3 विकेट चटकाने के साथ अर्शदीप भारत के ऐसे पहले तेज गेंदबाज बने, जिन्होंने 52 टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट मैच में 90 से ज्यादा विकेट लिए। अर्शदीप सिंह से पहले ये कारनामा भुवनेश्वर कुमार ने किया था। भुवी ने 87 मैचों में 90 विकेट निकाले थे, जबकि अर्शदीप सिंह ने महज 59 मैचों में 92 विकेट ले लिए हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह ने इस फॉर्मेट में 89 विकेट कुल 70 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलते वक्त किए। अब अर्शदीप सिंह ने दोनों को पछाड़ दिया हैं।

## सेंचुरियन में अर्शदीप सिंह ने रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अर्शदीप सिंह ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले गए तीसरे टी20 मैच में कमाल का प्रदर्शन कर खूब महफिल लूटी। भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले अर्शदीप सिंह ने इस दौरान एक नायाब रिकॉर्ड भी हासिल किया। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने। इस दौरान उन्होंने भुवनेश्वर कुमार और जसप्रीत बुमराह को पछाड़ा। दरअसल, साउथ अफ्रीका की टीम को भारत ने तीसरे टी20 मैच में 11 रन से मात दी। इस मैच में मिली जीत के साथ ही टीम इंडिया ने चार मैचों की टी20 सीरीज में 2–1 की बढ़त बनाई। अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में 25 रन डिफेंड किए और मार्को जानसेन का अहम विकेट लिया, जिन्हें देखकर एक पल को लग रहा था कि वह भारत के जबड़े से जीत छीन सकते हैं। मार्को जानसेन ने तीसरे टी20 में 16 गेंद पर रिकॉर्डतोड़ फिफ्टी ठोकी थी, लेकिन अर्शदीप सिंह ने उन्हें अपना शिकार बना दिया। अर्शदीप सिंह ने मैच में कुल 3 विकेट लिए और इस दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। अब चौथे टी20 मैच में अर्शदीप सिंह के पास सुनहरा मौका है।

# 22 नवंबर से होगी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत

क्रिकेट

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट सीरीज को 1996 में मिला नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पहुंच चुकी है। दोनों टीमों के बीच 22 नवंबर से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले टेस्ट सीरीज को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के नाम से जाना जाता है। 6 दिसंबर से एडिलेड में दूसरा, 14 दिसंबर से ब्रेस्बेन में तीसरा, 26 दिसंबर से मेलबर्न में चौथा और 3 जनवरी से सिडनी में सीरीज का 5वां मैच खेला जाएगा। आज हम आपको इन सीरीज के इतिहास के बारे में बताएंगे।

वैसे तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 1947 से टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। दोनों टीमों के बीच 1996 तक 50 टेस्ट मैच खेले गए थे। फिर 1996 में इसका नाम बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी कर दिया गया। सीरीज का नाम भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर के सम्मान में रखा गया है। उस समय टेस्ट क्रिकेट में इन्हीं दो बल्लेबाजों के नाम 10 हजार से ज्यादा रन थे। 1996–1997 में पहला बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी मैच दोनों देशों के बीच खेला गया था।



अभी तक दोनों टीमों के बीच 16 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेली जा चुकी है। इसमें भारत ने 10 सीरीज को अपने नाम किया है, जिसमें दो जीत ऑस्ट्रेलिया में है। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 5 में जीत हासिल की है। 2003–04 में हुई सीरीज 1–1 से बराबर रही थी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में एक बार ट्रॉफी जीता है। 2014–15 में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया ने इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती थी। उसके बार से हुई चार सीरीज में भारत विजेता रहा।

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी मुख्यतरू 4 मैचों की होती है। पहली बार यह सीरीज 5 मैचों की खेली जाएगी। आखिरी बार 1991–92 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज हुई थी। उसे अपने घर में ऑस्ट्रेलिया ने 4–0 से जीता था। 1979–80 में एकमात्र बार दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की सीरीज खेली गई थी। भारत ने उस सीरीज को 2–0 से अपने नाम किया था। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी शुरू होने से पहले यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की एकमात्र टेस्ट सीरीज जीत थी।

# कौन कहता था मैं खत्म हो गया? मोहम्मद शमी का गजब कमबैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। किसी भी खिलाड़ी को लेकर कुछ लोग इतने जजमेंटल हो जाते हैं कि पूछिए मत। अगर खिलाड़ी चोटिल हुआ तो बातों ही बातों में उसका करियर खत्म करा देते हैं। वापसी नामुमकिन बताते हैं, लेकिन भूल जाते हैं कि खिलाड़ी का चोट से चोली दामन का साथ होता है। कुछ ऐसा ही देखने को मिला मोहम्मद शमी के साथ। वनडे विश्व कप 2023 में खतरनाक प्रदर्शन के बाद जब वह चोटिल हुए तो लोग उन्हें लेकर तमाम कयास लगाने लगे।

इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में नहीं खेले तो लोग संन्यास और करियर खत्म जैसी बातें करने लगे, लेकिन फाइटर कहे जाने वाले मोहम्मद शमी ने डोमेस्टिक क्रिकेट में गजब का कमबैक किया है। उन्होंने

**■मध्य प्रदेश के खिलाफ कातिलाना गेंदबाजी करते हुए झटके 4 विकेट**

मध्य प्रदेश के खिलाफ कातिलाना गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि 54 रन ही खर्च किए। इसके साथ ही उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 सीजन के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन में भी ताल ठोक दी है। उन्होंने 19 ओवर में 4 मेडन डाले, जबकि 54 रन खर्च किए। रोचक बात यह है कि मैच के पहले दिन उन्होंने 10 ओवर किए थे और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला था, लेकिन इंटरनेशनल लेवल के बल्लेबाजों के लिए खौफ कहे जाने वाले शमी ने दूसरे दिन कमाल किया।


इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में उन्होंने मध्य प्रदेश के कप्तान शुभमन शर्मा (8) के रूप में पहला विकेट हासिल किया, जबकि सारांश जैन (7) को भी क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद अपने इंटरनेशनल टीम में साथी कुमार कार्तिकेय को 9 रनों के निजी स्कोर पर रिद्धिमान साहा के हाथों कैच आउट कराया तो आखिरी विकेट कुलवंत खेजरोलिया (0) के रूप में लिया। इस तरह से उन्होंने मध्य प्रदेश की पहली पारी 59 ओवरों में 167 रनों पर समेटने में अहम भूमिका निभाई।

उल्लेखनीय है कि खिताब जितवाने वाले मोहम्मद शमी को गुजरात टाइटंस ने आईपीएल ऑक्शन से पहले रिलीज करने का फैसला किया था। दरअसल, शमी ने आखिरी मैच 19 नवंबर 2023 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। उसके बाद से वह चोट की वजह से क्रिकेट से दूर रहे थे।

## हम अपने ऊपर दबाव नहीं लेतेः तिलक वर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तिलक वर्मा के ताबड़तोड़ शतक की बदौलत भारत ने साउथ अफ्रीका में टी20 में सबसे बड़ा स्कोर बनाया और जीत दर्ज की। फिर भारत ने गेंदबाजी में शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसन ने भारत के लिए मुश्किल खड़ी कर दी। खास तौर पर यानसन ने डेथ में भारत को मुश्किल में जरूर डाला, लेकिन लक्ष्य इतना बड़ा था कि साउथ अफ्रीका के लिए दबाव बनाना उतना आसान नहीं था। अंतिम दो ओवर में 51 रनों की जरूरत थी। साउथ अफ्रीका 19.4 ओवर तक खेल से बाहर नहीं हुआ था। हालांकि, भारतीय गेंदबाजों ने धैर्य दिखाते हुए अफ्रीका को 11 रन से मरहूम कर दिया। सीरीज में भारत ने 2–1 की बढ़त बना ली है। आखिरी मुकाबला निर्णायक होगा। इस मैच में तिलक वर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार मिला।

## न्यूज डायरी



### साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। भारतीय क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका में कमाल का प्रदर्शन कर रही है। 4 मैचों की टी20 सीरीज में भारत 2–1 से आगे है। इसका मतलब है कि अब सीरीज नहीं हार सकती है। पहले मैच को सूर्यकुमार यादव की टीम ने 61 रनों से आसानी से जीत लिया। इसके बाद दूसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 3 विकेट कि रोमांचक जीत मिली। तीसरे मैच में भारत ने दमदार वापसी करते हुए 11 रनों से जीत हासिल की। अब चौथे मैच में साउथ अफ्रीका सीरीज बचाने उतरेगी तो भारत की नजरें सीरीज जीतने पर होंगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेली गई पिछली 5 टी20 सीरीज में तीन ड्रॉ रही है। पिछले साल भारतीय टीम साउथ अफ्रीका दौरे पर थी। वहां 3 मैचों की सीरीज 1–1 से बराबर रही। उससे पहले 2022 में भारत में हुई सीरीज 2–2 से बराबरी पर खत्म हुई थी। 2019–20 में भारत में सीरीज 1–1 से बराबर रही। पिछले 5 में से बची हुई दो सीरीज को टीम इंडिया ने जीता है। 2022–23 में टीम घर में 2–1 से विजेता रही थी। 2017–18 में भारत ने साउथ अफ्रीका में जाकर सीरीज जीता था।

### हरियाणा स्टीलर्स के ऑलराउंडर मोहम्मदरेजा शैडलू का गजब रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नोएडा। हरियाणा स्टीलर्स के स्टार ऑलराउंडर मोहम्मदरेजा शैडलू ने प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और प्रभुत्व का प्रदर्शन जारी रखा है। इसके दम पर उन्होंने सिर्फ 76 मैचों में 300 टैकल पॉइंट का मील का पत्थर हासिल किया है। यू मुंबा के खिलाफ अपने आखिरी मैच में, उनके कुल 10 पॉइंट में 4 रेड पॉइंट भी शामिल थे, जिससे अटैक और डिफेंस दोनों में उनकी काबिलियत साबित हुई और लीग के प्रमुख ऑलराउंडरों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई। शैडलू ने अपने रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के बाद कहा, श्हर कोई जानता है कि मैं रेडिंग में भी कुशल हूं, जो मुझे एक सच्चा ऑलराउंडर बनाता है। कई लोग पीकेएल में ऑलराउंडर होने का दावा करते हैं, लेकिन मैंने साबित कर दिया है कि मैं टैकल और रेड को प्रभावी ढंग से कर सकता हूं। मैं टीम की जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालता हूं। चाहे वह रेडिंग हो या टैकल–मैं उसी के हिसाब से प्रदर्शन करता हूं। पीकेएल के दिग्गज खिलाड़ी से तुलना के बारे में पूछे जाने पर शैडलू ने कहा, श्फजल ने पीकेएल में दस सीजन खेले हैं और 500 अंक हासिल किए हैं। मैंने सिर्फ चार सीजन में 300 अंक हासिल किए हैं। संख्या खुद ही सब कुछ बयां करती है।श वर्तमान में हरियाणा स्टीलर्स के लिए खेल रहे शैडलू ने सीजन 10 में पुनेरी पल्टन के साथ पीकेएल का खिताब जीतने के बाद भारतीय कबड्डी इको सिस्टम को अपनी प्रगति का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मैंने सभी भारतीय खिलाड़ियों से सीखा है। मैं सिर्फ एक व्यक्ति का नाम नहीं ले सकता। सभी ने मेरे खेल में सुधार में योगदान दिया है और मैं हर सीजन के साथ सीखता रहता हूं।

### फर्नांडो–मेंडिस का शतक तो मदुशंका ने कीवियों को फंसाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डंबुला। श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैच की रोमांचक वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 13 नवंबर यानी बुधवार को खेला गया। रंगीरी डंबुला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच में मेजबान श्रीलंका डीएलएस मैथड के चलते 45 रन से जीत गई। श्रीलंका ने अपने दमदार प्रदर्शन से एक बार फिर सबको प्रभावित किया। इस जीत के साथ ही अब श्रीलंका के पास सीरीज में 1–0 की बढ़त है। सीरीज का अगला मुकाबला पल्लेकल्ले में 17 नवंबर को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के लिए यह करो या मरो का मैच होगा। अगर वह यह मैच नहीं जीते तो उनके हाथ से यह सीरीज निकल जाएगी। श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऐसे में न्यूजीलैंड ने बारिश होने से पहले 49.2 ओवर में 5 विकेट पर 324 रन ठोके। अविष्का फर्नांडो ने शतक जड़ा। उन्होंने 9 चौके और 2 छक्के के चलते 115 गेंद में 100 रन बनाए। वहीं टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने भी सेंचुरी जड़ी। उन्होंने 128 गेंदों में 143 रन बनाए। मेंडिस ने अपनी पारी में 17 चौके और 2 छक्के लगाए।

डिस्ट्रीब्यूशन रिफॉर्म्स कमेटी के तहत होने वाले कार्यों की समीक्षा करती हुई सीएस।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 17 नवंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। गोकुल संस्था तथा जिला प्रशासन, देहरादून द्वारा 17 नवंबर को इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलोजी एण्ड मेनेजमेंट, 60 चकराता रोड, देहरादून में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी एंड मैनेजमैंट, देहरादून एवं भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से प्रातः 10 बजे से अपराहन 3 बजे तक किया जा रहा है। शिविर का उदघाटन श्री सविन बंसल जिलाधिकारी, जनपद देहरादून द्वारा किया जायेगा। शिविर में डॉ महेश कुडियाल, कम्बाइंड मेडिकल इंस्टीट्यूट देहरादून, न्यूरो रोग विशेषज्ञ तथा ग्राफिक एरा हॉस्पिटल से अस्थि रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क चिकित्सा सलाह प्रदान की जायेगी।

### मॉर्निंग वॉक के दौरान सीएम ने स्थानीय लोगों से की मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। भराड़ीसैंण में रात्रि विश्राम करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मॉर्निंग वॉक के जरिए, स्थानीय लोगों से मेल मुलाकात की। गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री धामी भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर के आस पास मॉर्निंग वॉक पर निकले। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों का जायजा लिया, साथ ही स्थानीय निवासियों से मिलकर, उनकी समस्याएं पूछी। इस मौके पर सीएम ने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

### सीएम ने गुरु नानक की जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा पर दी शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु नानक जी की जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख ध र्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी ने हमें सच्चाई, न्याय और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा दी है। गुरु नानक देव ने ऊंच नीच, भेदभाव, वैमनस्यता को दूर करने के लिए अथक प्रयास किए।

### एसीसी ठेकेदारों को प्रदान कर रही सफलता

**संवाददाता** देहरादून। एसीसी ने देहरादून स्थित ठेकेदार राज कुमार शाह को अपनी अत्याधुनिक एसीसी प्रमाणित प्रौद्योगिकी का उपयोग करके उत्तराखंड के चुनौतीपूर्ण भूगोल में 5 टिकाऊ, उच्च गुणवत्ता वाले घरों का सफलतापूर्वक निर्माण करने में सक्षम बनाया है। उन्हें कंपनी द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जैसे स्टील एस्टीमेशन एंड डिटेलिंग वर्कशॉप से लाभ हुआ है। एसीसी लक्षित, प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के माध्यम से अपने कौशल को बढ़ाकर ठेकेदारों को उच्चतम गुणवत्ता वाले भवन मानक प्रदान करने के लिए सशक्त बना रहा है।

# मुख्यमंत्री ने 72वां राजकीय गौचर मेले का किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

■ मुख्यमंत्री ने 4.93 करोड़ लागत से नवनिर्मित उप संभागीय परिवहन कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

**संवाददाता**

देहरादून। गौचर में 72वॉ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का आगाज हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गौचर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चमोली में 4.93 करोड़ की लागत से नवनिर्मित उप संभागीय परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने पोखारी में रानौ–सिमखोली मोटर मार्ग, काफलपानी से भरतपुर तक मोटर मार्ग विस्तारीकरण, जिलासू–सरणा मोटर मार्ग निर्माण, चमोली प्रेस क्लब को कक्ष निर्माण हेतु 10 लाख की स्वीकृति, आगामी नंदा देवी राजजात यात्रा के लिए ढांचागत सुविधाओं के विकास हेतु माह दिसंबर में उच्च स्तरीय बैठक कराने और पोखरी में पॉलिटेक्निक भवन निर्माण कार्य पूरा कराने की घोषणा भी की।



गौचर मेले में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गौचर मेला संस्कृति, बाजार तथा उद्योग तीनों के समन्वय के कारण एक प्रसिद्ध राजकीय मेला है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक गौचर मेले के शुभारंभ पर सबको बधाई देते हुए कहा कि सात दशकों से अधिक समय से इस मेले का आयोजन हमारे राज्य और सब क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। गौचर मेला हमारे राज्य के प्रमुख ऐतिहासिक मेलों में से एक है, जिसमें सरकार की विभिन्न विभाग सक्रिय होकर प्रतिभाग करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले हमारे जीवन में बहुत विशेष स्थान रखते हैं। मेलों के माध्यम से समृद्ध परंपराएं को संजोने में सहायता मिलती है। साथ ही मेले, मनोरंजन और सामाजिक मेल मिलाप मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गौचर का मेला अन्य मेलों और विशेष है। यह मेला हमारी संस्कृति को संजोने एंव व्यापारिक गतिविधियों को भी एक बड़ा मंच प्रदान करता आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में एक ओर भारत में सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है। वहीं वोकल फार लोकल, मेक इन इंडिया, मेड इन इंडिया जैसे पहलुओं के माध्यम से हमारे स्थानीय उद्योगों और स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करने का काम किया जा रहा है। इस दिशा में हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत भी की है। जिसमें स्थानीय उत्पादों को राज्य में ही नहीं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पहचान मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में गोचर में हेली सेवा की शुरुआत की गई है। जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन अर्थव्यवस्था को एक नई मजबूती मिलेगी। आपदा के समय में भी इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के मूल मंत्र के साथ निरंतर काम कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने पर वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट को पं0 गोविन्द प्रसाद नौटियाल स्मृति सम्मान और गुरू राम राय एजुकेशन मिशन दून को शिक्षा और साहित्य प्रसार के लिए पंडित महेशानन्द नौटियाल स्मृति सम्मान से सम्मानित किया।

### हमारा लक्ष्य पहाड़ों से हो रहे पलायनों को रोका जाएः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि पहाड़ों से हो रहे पलायनों को रोका जाए तथा गांव में पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान किया जाए। राज्य सरकार के प्रयासों से फिल्म शूटिंग के लिए भी उत्तराखंड एक बहुत ही पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उत्तराखंड ने एक बड़ी पहचान स्थापित की है। सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए वैलनेस, आईटी और सौर ऊर्जा जैसे विशेष सेक्टर पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

# बद्रीनाथ में स्थापित होगा उत्तराखण्ड का पहला गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन

**निर्देश**

■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 2566.71 लाख के पुनरीक्षित आगणन पर अनुमोदन दिया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान के अन्तर्गत बद्रीनाथ में 33/11 केवी सब स्टेशन तथा एचटी/एलटी लाईन के निर्माण कार्य, राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत बागेश्वर–अमसरकोट मोटर मार्ग से नदीगांव तक मोटर मार्ग के निर्माण कार्य के पुनरीक्षित आगणन तथा श्री बद्रीनाथ धाम परिक्षेत्रान्तर्गत एनएचपीसी द्वारा प्रायोजित सिविक एमिनिटी भवन निर्माण कार्य के पुनरीक्षित आगणन पर अनुमोदन प्रदान किया।



श्री बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान के अन्तर्गत बद्रीनाथ में 33/11 केवी के सब स्टेशन 2X5 एमवीए तथा 33 के0 वी0 एवं 11 के0 वी0 की एचटी/एलटी लाईन के निर्माण कार्य पूर्ण होने से श्री बद्रीनाथ धाम में 24X7 विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा सकेगी। 3/11 केवी के सब–स्टेशन तथा 33 केवी ठंल का निर्माण किये जाने तथा पाण्डूकेश्वर सब–स्टेशन से श्री बद्रीनाथ धाम तक 19.5 किमी 33 के0 वी0 की विद्युत लाइन निर्माण के साथ–साथ 11 केवी अण्डर ग्राउण्ड विद्युत लाइन का निर्माण कराया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत यूपीसीएल द्वारा बद्रीनाथ में उत्तराखण्ड का पहला गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन स्थापित किया जाएगा।

राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत बागेश्वर–अमसरकोट मोटर मार्ग से नदीगांव तक मोटर मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 830.58 लाख रू0 पुनरीक्षित आगणन पर अनुमोदन प्रदान करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि यह मार्ग विकासखण्ड बागेश्वर के अन्तर्गत एक महत्वपूर्ण ग्रामीण मार्ग है। श्री बद्रीनाथ धाम परिक्षेत्रान्तर्गत एनएचपीसी द्वारा प्रायोजित सिविक एमिनिटी भवन निर्माण हेतु 2566.71 लाख रू0 के पुनरीक्षित आगणन पर सहमति प्रदान किया।

### विद्युतीकरण के लक्ष्य को समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने डिस्ट्रीब्यूशन रिफॉर्म्स कमेटी के तहत सचिवालय में आरडीएसएस के तहत वाइब्रेट विलेज प्रोग्राम, पीएम–जनमन तथा स्मार्ट मीटरिंग के कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने यूपीसीएल को पीएम–जनमन के तहत विशेषकर कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी क्षेत्रों) में गैर विद्युतीकृत घरों के विद्युतीकरण के लक्ष्य को समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। यूपीसीएल ने जानकारी दी कि अभी तक देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़ तथा उधमसिंह नगर के 669 पीवीटीजी घरों का विद्युतीकरण किया जा चुका है। मुख्य सचिव ने यूपीसीएल को आरडीएसएस के तहत बॉर्डर आउट पोस्टस के विद्युत इन्फ्रास्ट्रक्चर सम्बन्धित कार्यों की डीपीआर की पुनः समीक्षा कर भारत सरकार को भेजने के निर्देश दिए हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।